शनिवार

08 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज






गश्ती के दौरान नैनीजोर में 36 कॉर्टन शराब लदी बोलेरो जब्त








## पीएम नरेंद्र मोदी ने रायपुर, गोरखपुर और वाराणसी को दी कई विकास योजनाओं की सौगात

# रायपुर में बोले पीएम... जो डर जाए वह मोदी नहीं

- रायपुर में 7500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया
- वाराणसी से पूर्वांचल को दी 12 हजार करोड़ से ज्यादा की सौगात
- गोरखपुर जंक्शन से पीएम मोदी ने वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

**एजेंसी/रायपुर/वाराणसी**



गोरखपुर में गीता प्रेस के कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और वाराणसी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करने के साथ ही जनता को कई योजनाओं की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले रायपुर पहुंचे। यहां साइंस कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में 7500 करोड़ रुपये के परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने नेशनल हाईवे 30 के 33 किलोमीटर लंबे रायपुर-कोडेबोड़ खंड के 4 लेन और एनएच-130 के 53 किलोमीटर लंबे 4 लेन वाले बिलासपुर-पथरापाली खंड का लोकार्पण किया। रायपुर-विशाखापत्तनम आर्थिक गलियारे के अंतर्गत 6 लेन वाले झांकी-सरगी खंड (43 किलोमीटर), सरगी-बासनवाही (57 किलोमीटर) और बसनवाही-मारंगपुरी खंड (25 किलोमीटर) का शिलान्यास किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कोरबा में 136 करोड़ रुपये की लागत से बने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के एक एपलीजी बॉटलिंग प्लांट का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के कोर-कोर में करप्शन है। कांग्रेस की विचारधारा में भ्रष्टाचार है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मौजूदा छत्तीसगढ़ सरकार में रेत माफिया और भूमाफिया फल-फूल रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के लिए छत्तीसगढ़ एक एटीएम की तरह है। यहां पर कोयला माफिया, रेत माफिया, भूमि माफिया... न जाने कैसे-कैसे माफिया फल-फूल रहे हैं। यहां सूबे के मुखिया से लेकर तमाम मंत्रियों और अधिकारियों तक पर घोटाले के गंभीर से गंभीर आरोप लगते रहे हैं। बीजेपी असली गारंटी देती है कि जिसने गलत किया वह भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा। इतना ही नहीं पीएम ने विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा जो डर जाए वह मोदी नहीं है। ये लोग मेरी कब्र खोदने की बात करते हैं। पीएम से संबोधन करते हुए कहा कि उर्जा से भरपूर छत्तीसगढ़ की धरती पर आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### वाराणसी में बोले... वंचितों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने संसंदीय क्षेत्र वाराणसी से पूर्वांचल को 12 हजार करोड़ से ज्यादा की सौगात दी। इस दौरान पीएम मोदी ने व्यासनागर-दीनदयाल जंक्शन फ्लाईओवर, जल जीवन मिशन की 192 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं उन्होंने मणिकर्णिका-हरिश्चंद्र घाट की रीडिजाइनिंग-पुनर्विकास की आधारशिला रखी। इसके अलावा उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-सोन नगर के बीच समर्पित फ्रेट कॉरिडोर की नई रेल लाइन, वाराणसी-जौनपुर खंड की 4 लेन सड़क, औड़िहार-जौनपुर सेक्शन रेलवे लाइन के दोहरीकरण, औड़िहार-गाजीपुर सेक्शन रेलवे लाइन के दोहरीकरण व विद्युतीकरण और औड़िहार-भटनी सेक्शन रेलवे लाइन के विद्युतीकरण का लोकार्पण किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना भी साधा। पीएम मोदी ने पिछले नौ साल में हुए कार्यों की तुलना पिछली सरकारों के समय हुए कार्यों से करते हुए कहा कि देश के संसाधनों पर वंचितों और गरीबों का सबसे बड़ा हक होता है। पहले रेहड़ी पटरी वालों को अपमान सहना पड़ता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। गरीब को स्वाभिमान मोदी की गारंटी है। वंचितों का अपमान अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### गीता प्रेस सिर्फ संस्था नहीं, बल्कि जीवंत आस्था है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोरखपुर पहुंचे। गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गोरखपुर जंक्शन से पीएम मोदी ने वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन अयोध्या होते हुए लखनऊ तक चलेगी। वंदे भारत ट्रेन को रवाना करने के दौरान सीएम योगी भी साथ रहे। इसके पहले गीता प्रेस के कार्यक्रम में पीएम ने कहा, गीता प्रेस विश्व का ऐसा इकलौता प्रिंटिंग प्रेस है, जो सिर्फ संस्था नहीं, बल्कि जीवंत आस्था है। मानव मूल्यों को बचाने के लिए गीता प्रेस जैसी संस्थाएं जन्म लेती हैं। गीता प्रेस का कार्यालय करोड़ों-करोड़ लोगों के लिए किसी मंदिर से कम नहीं है। पीएम ने कहा, इसके नाम और काम में भी गीता है। जहां गीता है वहां साक्षात कृष्ण भी हैं। वहां करुणा है, ज्ञान का बोध भी है, हां विज्ञान का शोध भी है। यहां सब वासुदेवमय है। यहां की किताबों ने घर-घर में संस्कृति और विरासत पहुंचाई। पीएम ने कहा- वंदे भारत ट्रेन ने देश के मध्यम वर्ग को सुविधा और सहूलियत की एक नई उड़ान दी है। आज देश के कोने-कोने से नेता मुझे चिट्ठियां लिखकर कहते हैं कि हमारे क्षेत्र से भी वंदे भारत ट्रेन चलाइए। ये वंदे भारत का क्रेज है।

## उत्तराखंड में बादल फटने से 200 से अधिक लोग फंसे



**एजेंसी/पिथौरागढ़**

उत्तराखंड के धारचूला में बादल फटने से बड़ा हादसा हुआ है। दारमा घाटी के चल गांव में बादल फटने से पैदल पुल और ट्रॉली ध्वस्त हो गई है। 200 से ज्यादा लोग गांव में फंस गए हैं। मौके पर एसडीआरएफ और पुलिस प्रशासन रवाना हो गई है लेकिन दोबाट में सड़क बंद होने से रेस्क्यू के लिए जा रही पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम भी फंस गई है। शुक्रवार को बद्रीनाथ में फिर से लैंडस्लाइड हो गया। इसकी वजह से छिनका के नजदीक नेशनल हाइवे बाधित हो गया है। इसकी वजह से कई यात्री फंस गए हैं। आवाजाही रुक गई है।

### दो मार्गों पर रुकी अमरनाथ यात्रा

जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में लगातार बारिश के चलते भूस्खलन और जलभराव का खतरा पैदा हो गया है। इसके चलते बालटाल और पहलगाम के दो मार्गों पर अमरनाथ यात्रा रोक दी गई है और यात्रियों को राहत शिविर में रोका गया है। जम्मू में बिगड़े मौसम के चलते शुक्रवार को श्री अमरनाथ यात्रा को अगले आदेश तक के लिए रोक दिया गया है। खराब मौसम के चलते यात्रियों को अभी रामबन के चंद्रकोट में रोका गया है। जानकारी के मुताबिक यात्रा शुरू होने से अब तक कुल 84768 श्रद्धालु अमरनाथ दर्शन कर चुके हैं।

## बालासोर रेल हादसा मामले में तीन रेल कर्मचारी गिरफ्तार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

ओडिशा के बालासोर में हुए रेल हादसे में सीबीआई ने शुक्रवार को रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया। इन तीनों के नाम सीनियर सेक्शन इंजीनियर अरूण कुमार महांतो, सीनियर सेक्शन इंजीनियर मोहम्मद आमिर खान और टेक्निशियन पप्पू कुमार हैं। महांतो, खान और पप्पू को आईपीसी की धारा धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और 201 (सबूत नष्ट करने) के तहत अरेस्ट किया गया है। दरअसल बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास 2 जून को शाम सात बजे के करीब कोरोमंडल एक्सप्रेस स्टेशन पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई थी।इसके बाद इसकी चपेट में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी आ गई थी। इस रेल दुर्घटना में 292 लोगों की मौत हो गई थी और 1,000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

### गलत सिग्नलिंग के कारण हुआ हादसा

रेलवे ने भीषण ट्रेन हादसे के बाद जांच के लिए कमेटी गठित की थी। साथ ही पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। इस कमेटी ने पाया है कि हादसे की मुख्य वजह गलत सिग्नलिंग थी। रेलवे सुरक्षा आयोग की ओर से रेलवे बोर्ड को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि सिग्नलिंग कार्य में खामियों के बावजूद, वे उपचारात्मक कदम उठा सकते थे।

## देश से लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली है भाजपा : जदयू

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने शुक्रवार को केंद्र सरकार और भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आशंका जताई कि अगर भाजपा कुछ दिन और रह गई तो देश में तानाशाही लागू कर देगी। इतना ही नहीं भाजपा देश से लोकतंत्र को खत्म करने का दम कर रही है। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम मामले में गुजरात हाई कोर्ट से राहत नहीं मिलने के मामले को लेकर ललन सिंह से सवाल किया गया था। इसी पर ललन ने कहा कि राहुल गांधी अब आगे सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। लेकिन भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र खत्म कर रही है। बीजेपी अगर कुछ दिन रहेगी तो इस देश में तानाशाही लागू हो जाएगी।

## बिहार सरकार अब लोगों से वसूलेगी वाटर चार्ज टैक्स

**केटी न्यूज/पटना**

खजाना भरने के लिए बिहार सरकार ने अब आम लोगों पर एक नया टैक्स लगाया है। लोगों को अब वाटर चार्ज टैक्स देना होगा। यह शुल्क प्रदेश के लोगों को अब पानी के उपयोग के बदले देना होगा। पटना नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दो लाख, 88 हजार मकान मालिकों से होल्डिंग टैक्स के साथ अब प्रति माह 40 से लेकर 150 रुपए तक का अतिरिक्त वाटर चार्ज शुल्क भी वसूला जाएगा। इसे होल्डिंग टैक्स के साथ जोड़कर सालाना लिया जाएगा।

शहर में रहने वाले लोग चाहे जिस स्त्रोत से जल का उपयोग कर रहे हों और वे प्रॉपर्टी टैक्स भी देते हैं तो भी उन्हें वाटर शुल्क देना होगा। नगर विकास विभाग की ओर से जारी निर्देश में भुगतान की प्रक्रिया बताई गयी है। घरेलू के साथ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को अपने होल्डिंग और प्रॉपर्टी टैक्स कार्यान्वयन के लिए नगर विकास विभाग पेयजल उपयोग शुल्क नीति- 2021 को जल्द ही पूरे राज्य में लागू करेगा। विभाग ने पटना नगर निगम के साथ ही सभी नगर निकायों को इस संबंध में संकल्प पत्र भेज दिया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश और संकल्प के मुताबिक ही मुजफ्फरपुर नगर निगम ने पिछले साल ही शहर में वाटर चार्ज लागू कर दिया है, लेकिन अन्य शहरी निकायों में इसे अब तक लागू नहीं किया जा सका है। राजधानी पटना में अगले महीने से इसे लागू कर दिया जाएगा।






### पटना हाईकोर्ट में दायर दोनों याचिकाओं पर सुनवाई पूरी

# जातिगत गणना और आर्थिक सर्वेक्षण मामले में फैसला सुरक्षित

**एजेंसी/पटना**




हाइकोर्ट ने बिहार सरकार द्वारा राज्य में जातियों की गणना एवं आर्थिक सर्वेक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रख लिया। इस मामले में दायर याचिकायों पर चीफ जस्टिस के वी चंद्रन की खंडपीठ लगातार पांच दिनों की सुनवाई पूरी कर निर्णय सुरक्षित रखा। आज भी राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता पी के शाही ने कोर्ट के समक्ष पक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ये सर्वे है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों के सम्बन्ध आंकड़ा एकत्रित करना,जिसका उपयोग उनके कल्याण और हितों के किया जाना है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जाति सम्बन्धी सूचना शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश या नौकरियों लेने के समय भी दी जाती है। एडवोकेट जनरल शाही ने कहा कि जातियां समाज का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि हर धर्म में अलग अलग जातियां होती हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इस सर्वेक्षण के दौरान किसी भी तरह की कोई अनिवार्य रूप से जानकारी देने के लिए किसी को बाध्य नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जातीय सर्वेक्षण का कार्य लगभग 80 फीसदी पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा सर्वेक्षण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इस सर्वेक्षण से किसी के निजता का उल्लंघन नहीं हो रहा है। महाधिवक्ता शाही ने कहा कि बहुत सी सूचनाएं पहले से ही सार्वजनिक होती हैं।

इससे पहले हाईकोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए राज्य सरकार द्वारा की जा रही जातीय व आर्थिक सर्वेक्षण पर रोक लगा दिया था। कोर्ट ने ये जानना चाहा था कि जातियों के आधार पर गणना व आर्थिक सर्वेक्षण कराना क्या कानूनी बाध्यता है। कोर्ट ने ये भी पूछा था कि ये अधिकार राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में है या नहीं। साथ ही ये भी जानना कि इससे निजता का उल्लंघन होगा क्या। पहले की सुनवाई में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभिनव श्रीवास्तव ने कोर्ट को बताया कि राज्य सरकार ने जातियों और आर्थिक सर्वेक्षण करा रही है।

# राज्य के 14 जिले के 5.60 करोड़ से अधिक की आबादी करेगी एमडीए राउंड में दवा सेवन

**केटी न्यूज/पटना**

भारत सरकार के दिशानिर्देश पर अब देश में प्रत्येक वर्ष के 10 फरवरी एवं 10 अगस्त से एमडीए-फाइलेरिया यानी सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राज्य में 10 फरवरी को 24 जिलों में एमडीए राउंड चलाया गया था। अब 10 अगस्त से शेष बचे 14 जिलों में एमडीए राउंड चलेगा। इस राउंड में पहली बार इस बार आंगनबाड़ी केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, स्कूल, पंचायत, पीएचसी, सीएचसी सहित मेडिकल कॉलेजों पर बूथ लगाकर भी दवा खिलाई जाएगी। जिसमें मेडिकल कॉलेज एवं हेल्थ फैसिलिटी पर 14 दिनों एवं स्कूल सहित अन्य सार्वजनिक जगहों पर 3 दिन तक बूथ लगेगा। साथ ही इस दौरान मार्कर पेन का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे दवा सेवन करने वालों की पहचान करने में सहूलियत होगी। ताकि एक व्यक्ति को दो बार दवा सेवन न करें। इसके लिए पूर्व से लोगों को जागरूक भी करने की जरूरत है। उक्त बातें राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार ने एमडीए पर आयोजित स्टेट टास्क फोर्स की बैठक में कही।

- 10 अगस्त से चलेगा एमडीए कार्यक्रम, बूथस्तर पर खिलाई जाएगी दवा



**अन्तर्विभागीय सहयोग जरुरी:** कार्यपालक निदेशक संजय कुमार ने बताया कि एमडीए-राउंड की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य विभागों को भी सहयोग करने की जरूरत है। जिसमें उन्होंने शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस को एमडीए राउंड में सहयोग करने की अपील की। साथ ही अन्य विभाग जैसे जीविका, पीएचईडी एवं अन्य सहयोगी विभागों की सहायता लेने की भी बात कही। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है। फाइलेरिया के उपचार की तुलना में इसकी रोकथाम पर ध्यान देने की जरूरत है। एमडीए के जरिए ही फाइलेरिया की रोकथाम एवं उन्मूलन संभव है। इसके लिए दवा सेवन के बाद किसी भी तरह के संभावित दुष्परिणामों पर प्रभावी प्रबंधन की भी बात कही।

**दवा सेवन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष रणनीति पर जोर:** बैठक के दौरान फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए एमडीए कार्यक्रम की रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 अगस्त से 14 जिलों में चलने वाले अभियान में लगभग 5.60 करोड़ लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें 10 जिले यानी पटना, अररिया, भोजपुर, बक्सर, किशनगंज, नवादा, मधेपुरा, मधुबनी, पूर्णिया में दो तरह की दवाएं खिलाई जाएंगी। वहीं, 4 जिलों दरभंगा, लखीसराय, रोहतास एवं समस्तीपुर में 3 तरह की दवाएं खिलाई जाएगी। एमडीए की सफलता के लिए सूक्ष्म कार्य-योजना एवं मॉनिटरिंग एवं सपोर्टिव सुपरविजन पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एमडीए राउंड के दौरान प्रत्येक दिन शाम में जिला/ प्रखंड स्तर पर दवा सेवन की स्थिति पर बैठक कर जायजा लिया जाएगा। वहीं, एमडीए राउंड के मध्य में राज्य स्तर पर समीक्षा बैठक भी होगी।

**24 जिलों के 39 आईयू में माइक्रो फाइलेरिया प्रसार दर 1 से कम :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के एनटीडी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश पांडेय ने मॉनिटरिंग डाटा के आधार पर पूर्व में आयोजित एमडीए राउंड के दौरान जिलों की उपलब्धि पर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि पिछले एमडीए के पूर्व 24 जिलों के 350 आईयू (इम्प्लीमेंटेशन यूनिट) में नाईट ब्लड सर्वे आयोजित किया गया। जिसमें 39 आईयू में माइक्रो फाइलेरिया दर 1 से कम पाया गया। इन जिलों में अब एमडीए की जगह ट्रांसमिशन एसेस्मेंट टेस्ट संपादित किया जाएगा। उन्होंने कार्यपालक निदेशक को स्टेट टास्क फोर्स के जरिए एमडीए को सफल बनाने के लिए जरुरी तैयारी एवं क्रियान्वयन से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने कहा कि आईएमए द्वारा भी एमडीए में सहयोग किया जा रहा है।

इस दौरान एमडीए राउंड में सहयोग कर रहे सभी विभागों की भूमिकाओं पर विस्तार से चर्चा हुयी। साथ ही सहयोगी संस्थाओं में शामिल केयर इण्डिया, पीसीआई, जीएचएस, सीफार एवं लेप्रा सोसाइटी द्वारा एमडीए में किए जा रहे योगदान पर भी जानकारी दी गयी।

## महाजन टोली वार्ड नंबर-22 का मामला, पीड़िता के बयान पर जांच में जुटी पुलिस

# आरा में अपनी जमीन की मापी कराने पहुंची महिला पर जेठ ने की फायरिंग, बची जान

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नगर थाना क्षेत्र के महाजन टोली वार्ड नंबर 22 में सदर अस्पताल रोड स्थित अपूर्वा टावर के पास शुक्रवार की सुबह जमीन विवाद में फायरिंग कर दी गयी। उस दौरान एक पक्ष की ओर से लाइसेंसी राइफल से एक राउंड फायरिंग की जाने की सूचना है। हालांकि जमीन की मापी कराने पहुंची महिला नीधि सिंह सहित अन्य लोग फायरिंग की जद में नहीं आए। उससे लोग बाल-बाल बच गए। घटना मूल रूप से बड़हरा थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव निवासी स्व. उदय शंकर पांडेय की पत्नी नीधि सिंह के साथ हुई थी। वह पटना में रेलवे में नौकरी करती हैं। फायरिंग करने का आरोप उनके जेठ और अपूर्वा कम्प्लेक्स टावर के मालिक दामोदर पांडेय पर लगाया गया है। इधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा भी बरामद किया है। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले जाकर घटना की जानकारी ले रही है।

नीधि सिंह ने बताया कि उनके पति रेलवे में नौकरी करते थे। 1992 में उनके पति उदय शंकर पांडेय और जेठ दामोदर पांडेय द्वारा अस्पताल रोड में साढ़े नौ कट्ठा जमीन खरीदी गयी थी। उसी समय प्लॉट का दोनों भाइयों के बीच बंटवारा हो गया था। उसमें साढ़े चार कट्ठा जमीन उनके भैंसुर दामोदर पांडेय और साढ़े चार कट्ठा उनके पति उदय शंकर पांडेय के नाम से खरीदा गया था। उसी बीच उनके पति की मौत हो गई। बाद में पति के जगह अनुकंपा पर रेलवे में उनकी नौकरी लग गयी है। वह फिलहाल पटना स्टेशन पर कार्यरत हैं और वर्तमान में अपनी दोनों बेटियों के साथ पटना में ही किराए के मकान में रहती हैं। वह अपने हिस्से की साढ़े चार कट्ठा जमीन पर मकान बनाने के लिए मापी करवाने आयी थी। तभी उनके जेठ द्वारा फायरिंग कर दी गयी। सूचना मिलते ही पीएसआई मो. अली घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन की। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के लोगों के बीच आपसी जमीनी विवाद है। दोनों पक्षों को जमीन के कागजात के साथ सत्यापन के लिए थाने पर ले जाया जा रहा है। वहां सीओ साहब को बुलाया गया है। कागज की जांच और सत्यापन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही उन्होंने बताया कि एक राउंड फायरिंग भी की गई है। उसका खोखा बरामद हुआ है। लोगों के पास उनका वीडियो और फोटो भी मौजूद है। उसकी जांच की जा रही है।




- पुलिस ने घटनास्थल से खोखा किया बरामद, दोनों पक्षों से की पूछताछ



**वकील के साथ मापी कराने पहुंची थी महिला :** पीड़िता नीधि सिंह ने बताया कि उनके जेठ दामोदर पांडेय ने अपनी जमीन पर घर और अपूर्वा टावर कॉम्प्लेक्स बना लिया है और उनकी जमीन पर पार्किंग बना दी है। उनकी जमीन पर जेठ द्वारा जरनेटर भी लगाकर रास्ता ब्लॉक कर दिया गया है। उनके जेठ की उनकी जमीन पर गलत नीयत है। उस कारण उनकी जमीन को विवादित होने का पोस्टर लगवा दिया गया है। उनके जेठ उनकी जमीन की मापी भी नहीं होने दे रहे हैं। पूर्व में भी उन्हें जमीन मापी करने से रोक दिया गया था। उसे लेकर उनके द्वारा थाने में आवेदन भी दिया गया है।

## बुजुर्ग महिला की विषैले सांप के डंसने से मौत

**आरा।** जिले के आयर थाना क्षेत्र के आटापुर गांव में शुक्रवार की सुबह विषैले सांप के डसने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी। सांप ने घर में पलंग पर सो रही महिला को डंस लिया था। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतका आटापुर गांव निवासी जय किशुन सिंह की 60 वर्षीया पत्नी हीराझारो देवी थी। उनके बेटे राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात में खाने के बाद उसकी मां कमरे में पलंग पर सो रही थी। सुबह करीब तीन बजे किसी विषैले सांप द्वारा उन्हें डंस लिया गया। तब उन्होंने कहा कि सांप ने डंस लिया है। उसके बाद उन्हें पहले झाड़-फूंक कराने के लिए गांव में ही ले गए। करीब 20 मिनट तक झाड़-फूंक कराया गया, लेकिन हालत में कोई सुधार ना हुआ। उसके बाद इलाज के लिए उन्हें आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

## हत्या के प्रयास में वांछित के घर पर चस्पा इश्तेहार

**आरा।** मुफस्सिल थाने की पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के कौशिक दुलारपुर (गंगहर टोला इंग्लिशपुर) गांव में फायरिंग और हत्या के प्रयास के आरोपितों पर शिकंजा कहना शुरू कर दिया है। उसके तहत शुक्रवार को आरोपित मां-बेटे के घर पर इश्तेहार चस्पा किया गया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस द्वारा इश्तेहार चस्पा करने की कार्रवाई की गयी। आरोपितों में मुकेश यादव और उसकी मां शारदा देवी है। उसके बाद भी आरोपितों द्वारा सरेंडर नहीं किया जाता है, तो पुलिस कुर्की की कार्रवाई करेगी। बताया जा रहा है कि मुफस्सिल थाने के दारोगा मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस ढोल-नगाड़े के साथ आरोपित के घर पहुंची। वहां ढोल की थाप के बीच इश्तेहार चिपकाने की कार्रवाई की गयी। उसे देख ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गयी थी। पुलिस के अनुसार कौशिक दुलारपुर (गंगहर टोला इंग्लिशपुर) गांव निवासी महादेव यादव द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसमें आरोप लगाया गया था कि वह एक अप्रैल की शाम घर से निकल रहा था। तभी शाहदेव यादव का पुत्र मुकेश यादव द्वारा उस पर ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग की गयी थी। हालांकि उसमें वह और उसके परिवार के लोग बच गए थे। प्राथमिकी में मुकेश यादव की मां शारदा देवी पर ललकराने का आरोप लगाया गया था। उसके बाद से ही आरोपित दोनों मां-बेटे फरार चल रहे हैं। उसे लेकर पुलिस कुर्की के लिए कोर्ट गयी थी। उस पर कोर्ट द्वारा इश्तेहार वारंट जारी किया गया था।

## इंद्रपुरी जलाशय व नहर के आधुनिकीकरण के साथ खेती बचाने की है मांग : महानंद



**केटी न्यूज/अरवल**

प्रखंड मुख्यालय पर आयोजित किसानों के धरना को संबोधित करते हुए इंद्रपुरी जलाशय निर्माण एवं नहरों का आधुनिकीकरण किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं अरवल विधायक महानंद सिंह ने कहा कि आज नहरों के बचाने और इंद्रपुरी जलाशय (कदवन डैम) निर्माण की मांग, केवल नहरों का ही सवाल नहीं है बल्कि किसानों की जमीन बचाने का सवाल है इसलिए किसानों को अपनी जमीन बचाने और व्यवस्थित और सस्ते दर पर सिंचाई की गारंटी के लिए नहर के आधुनिकीकरण एवं इंद्रपुरी जलाशय के निर्माण के लिए आंदोलन तेज करना ही होगा। उन्होंने कहा कि पिछले बार बजट सत्र में कदवन डैम निर्माण के लिए सवाल उठाया था, लेकिन अभी तक सरकार के इस मामले में कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पाई है। इस बार फिर छोटे से सत्र में भी नहरों के आधुनिकीकरण एवं कदवन डैम निर्माण के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार जहां भी गैर भाजपा सरकार है वहां परेशान करने पर तुली हुई है और विकास के मामले में अड़ंगा लगाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी खेती और जायदाद बचाने के लिए सरकार के तीन कृषि विरोधी कानून के खिलाफ एक साल से भी ज्यादा दिनों तक संघर्ष करना पड़ा था। सरकार पीछे हटी लेकिन अभी तक किसानों के साथ हुए समझौते को लागू नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में मोदी वाशिंग मशीन और मोदी वाशिंग पाउडर का प्रोजेक्ट तैयार है। भ्रष्टाचारी, बलात्कारी, गुंडा, दंगाई, हत्यारे जैसे दागी लोगों का दाग भाजपा में जाते ही छूमंतर हो जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हिंदू राष्ट्र का नमूना ईसी रूप में देखा जाना चाहिए की आदिवासी नौजवान के चेहरा पर भाजपा के शुक्ला द्वारा पेशाब किया गया। ऐसा उत्कृष्ट काम भाजपा के कार्यकताओं द्वारा ही संभव है। यदि कोई विपक्षी ऐसा काम किया होता तो हंगामा खड़ा कर देता।

उन्होंने कहा कि किसानों के सवालों को लेकर हमेशा संघर्ष जारी रहेगा। धरना को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव जितेंद्र यादव ने कहा कि अरवल जिला के रजवाहों के मरम्मत एवं आधुनिकीकरण का संघर्ष जारी रखना होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के सस्ते दर पर खाद एवं अन्य तरह के सुविधा मिलनी चाहिए।

## एसएसबी जवान के किराए के घर से जेवर व नगदी समेत लाखों की चोरी

**आरा।** जिले के नवादा थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी है। गुरुवार की रात गोढ़ना रोड रामकृष्ण नगर में किराए के मकान में रहने वाले एसएसबी जवान के घर से लाखों की चोरी कर ली गयी। चोर जवान के घर से बीस हजार नगद समेत लाखों रुपए के जेवर लेकर चंपत हो गये। खिड़की उखाड़ घर में घुसे चोरों द्वारा जवान की पत्नी और बच्चों के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर घटना को अंजाम दिया गया है। घटना सीसीटीवी में कैद भी हो गयी है। इस संबंध में जवान हरे कृष्ण प्रसाद की पत्नी सरिता देवी द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध करा दिया गया है। एसएसबी जवान हरेकृष्ण प्रसाद मूल रूप से कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के पदमिनिया गांव के रहने वाले हैं। फिलहाल वह उत्तराखंड में पोस्टेड हैं। उनकी पत्नी सरिता देवी बच्चों को पढ़ाने के लिए रामकृष्ण नगर में किराए के मकान में रहती हैं।

प्राथमिकी में बताया गया है कि सरिता देवी गुरुवार की रात करीब दस बजे खाने के बाद बच्चों के साथ एक कमरे में सो गयी थी। सुबह करीब पांच बजे जगी, तो उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। तब प्रथम तल्ले पर रहने वाले मकान मालिक को फोन कर उन्होंने घटना की जानकारी दी।

## राहुल की लोकप्रियता से डर गई सरकार: डॉ. चंद्रिका

**जहानाबाद।** राहुल गांधी पर मानहानि के मुकदमें में गुजरात हाई कोर्ट के फैसले के मद्देनजर बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी की लोकप्रियता से डर गई है। पूरे देश में अराजकता का माहौल बना हुआ है, जिसका लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने इस बाबत कहा कि आज जो भी राजनीतिक दल केंद्र की मोदी सरकार का विरोध कर रही है, उसके साथ सरकार बदले की कार्रवाई जैसा सुलूक करती है।

उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चाहे वो लालू प्रसाद यादव हों या फिर तेजस्वी यादव या दिल्ली की केजरीवाल सरकार के मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन। सभी के साथ केंद्र की तानाशाही सरकार ने बदले की कार्रवाई के तहत कार्य किया है। जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है।। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों का विरोध करना और जनता के बीच सच्चाई को सामने लाना किसी भी विपक्षी दल का



कर्तव्य होता है। लेकिन जिस प्रकार से वर्तमान की केंद्र सरकार का तानाशाही रवैया देखने को मिल रहा है। उससे साफ जाहिर है की कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की लोकप्रियता से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डर गए हैं। और बदले की भावना से इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के तानाशाही रवैए के खिलाफ कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक विरोध करेगी और सरकार का ईंट से ईंट बजा देगी।

**अलर्ट : एक से 31 जुलाई तक जिले में मनाया जा रहा है डेंगू माह, फ्रंटलाइन वर्कर्स कर रहे जागरूक**

# डेंगू के लक्षण दिखने पर तत्काल कराएं जांच: डॉ. शैलेंद्र

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में बारिश होते ही एक बार फिर डेंगू और मलेरिया का प्रकोप बढ़ रहा है। जिसको लेकर राज्य सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर लोगों को मच्छरों और मच्छर जनित रोगों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा एक से 31 जुलाई तक डेंगू माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को मच्छरों से बचाव व उनके प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है। फिलहाल जिले में डेंगू के नए मरीजों की पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन, विभाग किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं उठाना चाहता है। इस संबंध में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने जिलेवासियों से सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की अपील की है। साथ ही, गर्भवती महिला तथा बच्चे को पूरे बांह वाले कपड़े पहनने की सलाह दी है। मच्छरों को दूर रखने वाले क्रीम का इस्तेमाल किया जा सकता है। डेंगू एडिज मच्छर के काटने से होता है। ये मच्छर सूरज निकलने के दो घंटा बाद और सूरज डूबने के दो घंटा पहले सक्रिय होते और इसी दौरान सबसे अधिक काटते हैं।




**डेंगू के दूसरे सप्ताह में खतरनाक हो जाता है लक्षण :** डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, डेंगू होने पर प्लेटलेट 20 हजार से कम हो तभी चिंतित होने की आवश्यकता है। डेंगू में दूसरे सप्ताह में लक्षण खतरनाक हो जाता है। पेट में दर्द, उल्टी और पेशाब कम होता है। वहीं, शरीर पर चकते होने लगते हैं। लक्षण दिखने पर लोगों को तत्काल अपने नजदीक के सरकारी अस्पताल में संपर्क करना चाहिए। ताकि, समय से मरीज का इलाज शुरू हो सके। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों एवं जांच घरों में डेंगू की जांच रैपिड डायग्नोस्टिक किट से होती है। जांच में एनएस-1 पॉजिटिव आने पर मरीज में डेंगू की घोषणा की जाती है। हालांकि रैपिड डायग्नोस्टिक किट से जांच कर डेंगू के लक्षण वाले रोगी चिह्नित किए जा सकते हैं। लेकिन, यह जांच डेंगू होने की पूरी तौर पर पुष्टि नहीं करती है। सदर अस्पताल में एनएस-1 से जांच की सुविधा उपलब्ध है।

डेंगू के लक्षण सात दिन के अंदर स्पष्ट होने लगते हैं : डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, डेंगू के लक्षण सात दिन के अंदर स्पष्ट होने लगते हैं। दर्द, उल्टी, बुखार, आंखों के पीछे दर्द होना इसके विशेष लक्षण हैं। दर्द से बुखार आ जाता है, जिसे हड्डी तोड़ बुखार भी कहते हैं। एक व्यक्ति के बुखार से संक्रमित होने पर इसका खतरा अन्य लोगों को भी होता है। जमा हुए पानी में मच्छर का लार्वा पनपता है। इसलिए घर में कूलर, गमला आदि में पानी न जमा होने दें। उन्होंने कहा कि अब बरसात का मौसम खत्म होने वाला है। कुछ दिनों में सर्दियों का मौसम शुरू हो जाएगा। इस दौरान जो बीच का मौसम है, उसमें सतर्कता बरतने की जरूरत है। ये मौसम डेंगू के अनुकूल होता है। इसलिए घर के आसपास सफाई रखें। जलजमाव नहीं होने दें। मच्छर के पनपने का कोई का भी रास्ता नहीं छोड़ें। ऐसा करने से डेंगू के साथ मच्छरों से होने वाली अन्य बीमारियों से भी बचाव होगा।



# शादी के सात दिन बाद पति को छोड़ भागी युवती, प्रेमी ने कोठे पर बेचा

- अब ससुराल व मायके दोनों जगहों से मिल रही है दुत्कार, पीड़िता ने पुलिस में लगाई गुहार
- चरितार्थ हो रही न खुदा मिला न मिशाल-ए-सनम की उक्ति



**केटी न्यूज/बक्सर**

कहा जाता है कि सात फेरों का रिश्ता सात जन्मों तक साथ निभाने के लिए होता है। शादी के बाद किसी महिला के लिए पति ही परमेश्वर होते हैं। लेकिन सात फेरों के सात दिन बाद ही एक युवती ससुराल से अपने प्रेमी के साथ भाग गई। हालांकि प्रेमी के लिए सभी रिश्तों को दरकिनार करने वाली युवती की किस्मत खराब निकली। उसका प्रेमी वफादार नहीं निकला। पहले तो खुद उसका शारीरिक शोषण किया और बाद में घुमाने के बहाने ले जाकर मुंबई के एक कोठे पर बेच दिया। वहां से कुछ दिनों के बाद वह किसी तरह ट्रेन से भागकर सासाराम पहुंची तथा यहां से फिर अपने घरवालों से संपर्क किया। लेकिन घरवालों ने उसे पहचानने तक से इंकार कर दिया और कहा कि तुमसे कोई रिश्ता नहीं है। युवती ने अपने ससुराल वालों से भी माफी की गुहार लगाई। लेकिन किसी का भी कलेजा नहीं पसीजा। यही नहीं युवती की मानें तो वह स्थानीय थाने में भी गई थी। लेकिन पुलिस ने टाल मटोल कर दिया। इसके बाद वह किसी तरह बक्सर एसपी से मोबाईल से संपर्क स्थापित कर आपबीती सुनाई। इस दौरान आत्मग्लानि व लोक लाज की वजह से वह न तो एसपी के सामने ही जा रही थी और न ही मीडिया के सामने। बल्कि मोबाईल से बात कर ही अपनी आपबीती सुना ससुराल या मायके में कही भी पनाह दिलाने की गुहार लगा रही थी। युवती पिछले एक डेढ़ महीने से बक्सर में ही कही छिपकर रह रही थी।

### एसपी ने लिया संज्ञान

युवती ने जब एसपी को अपनी आपबीति सुनाई तो एसपी ने तत्काल इस मामले को संज्ञान में लिया। हालांकि वह एसपी के सामने नहीं आ रही थी। जिसके बाद उन्होंने महिला थाने के सहयोग तथा मोबाईल सर्विलांस के आधार पर उसे खोज निकाला। इसके बाद एसपी ने उसके मायके व ससुराल दोनों जगहों पर संपर्क कराया। लेकिन जब कोई उसे रखने को तैयार नहीं हुआ तो उसे महिला अल्पवास गृह भेज दिया गया।

### अब पूरा मामला समझिए

इटाढ़ी थाना क्षेत्र के एक युवती की शादी 8 मई 2023 को ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। शादी के पहले से ही एक युवक से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। ठीक सात दिन बाद 16 मई को वह अपने पूर्व प्रेमी के साथ ससुराल से भाग गई। प्रेमी उसे लेकर दिनारा चला गया तथा एक सप्ताह तक उसका शारीरिक शोषण किया। इसके बाद वह 23 मई को उसे घुमाने के बहाने मुंबई ले गया तथा वहा 26 मई को एक कोठे पर बेच फरार हो गया। वहां की जलालत भरी जिंदगी से किसी तरह वह पीछा छुड़ा ट्रेन से सासाराम पहुंची। उसे लगा था कि वापस आने पर कम से कम मायके वाले उसे अपना जरूर लेंगे। लेकिन मायके वाले भी उसके करतूत से काफी नाराज है तथा उसे घर में रखने की बात तो दूर पहचानने तक से इंकार कर दिए। हालांकि उसने हिम्मत नहीं हारी और बेवफा आशिक को सजा दिलवाने के लिए पहले स्थानीय पुलिस तथा फिर एक मीडियाकर्मी के माध्यम से एसपी से संपर्क किया।

**क्या कहते हैं एसपी:** इस संबंध में एसपी मनीष कुमार ने कहा कि महिला थानाध्यक्ष द्वारा पीड़िता का बयान दर्ज किया गया है। उसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर युवती को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। परिजनों ने उसे अपने साथ रखने से इनकार कर दिया है। न्यायालय के आदेशानुसार यह तय किया जाएगा कि उसे कहां रखा जाए। फिलहाल उसे अल्पावास गृह भेजा जा रहा है।

## एक नजर

### नवाडेरा में दरवाजे पर सोए व्यक्ति पर चाकू से हमला, चार नामजद, जांच में जुटी पुलिस

**डुमरांव।** गुरूवार की रात नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के नवाडेरा गांव में दरवाजे पर सो रहे एक व्यक्ति को चाकू मार घायल कर दिया गया। पीड़ित द्वारा शोरगुल मचाए जाने के बाद आरोपी भाग खड़े हुए। बाद में उसका इलाज डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में करवाया गया। इस मामले में जख्मी स्व नजीर यादव के 45 वर्षीय पुत्र अनिल यादव ने अपने पड़ोस के ही किस्मत यादव समेत चार को नामजद किया है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। समाचार लिखे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। नया भोजपुर ओपी के थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि दोनों परिवारों के बीच पहले से विवाद चल रहा है।

### रघुनाथपुर में दो लाख नगद समेत लाखों की चोरी

**ब्रह्मपुर।** बीती रात ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में चोरों ने एक घर में छत के सहारे घुस भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने घर में रख 2 लाख रूपए नगद के साथ ही करीब 4 लाख रूपए मूल्य के सोने के आभूषण चुरा लिए है। चोरी की यह वारदात मुकेश चौबे के घर में हुई है। पीड़ित ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वे अपने बेटे का इलाज कराने दिल्ली गए थे। घर में सिर्फ वृद्ध पिता थे जो छत पर सो रहे थे। चोरों ने छत के रास्ते चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एनआरआई ने गरीब बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन, वितरित किए छाता व पौधे



**बक्सर।** जिले के मझरियां निवासी तथा अमेरिका में बतौर इंजिनियर कार्यरत एक एनआरआई अरूण कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन ऑनलाइन तरीके से स्कूली बच्चों के बीच मनाया। इस दौरान वे बच्चों के माध्यम से केके कटवाए तथा उन्हें बतौर उपहार छाता व पौधे भेंट करवाए। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई पर ध्यान देने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया। उन्होंने हावड़ा नवज्योति सेवा संस्थान के बैनर तले जिले के हरिकिशुनपुर, मंझरिया तथा बलिहार गाँव में संचालित शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे तकरीबन 250 जरूरतमंद बच्चों के बीच बरसात से बचाव के लिए छाता का वितरण किया। मौके पर बच्चों ने दर्जनों पौधों का रोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता शक्ति राय, राजीव रंजन सिंह, कौशल सिंह, भाजयुमो के प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य दीपक कुमार यादव, गोल्डेन पांडेय, प्रभात मिश्र, शिक्षक कृपाशंकर उपाध्याय, विजय खरवार, योगेश अग्रवाल, संजीत सिंह, सुधीर कुमार, रघुवीर कुमार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 11 से चलेगा जनसंख्या स्थिरिकरण पखवाड़ा

**केसठ।** जिला स्वास्थ समिति बक्सर के निदेर्शानुसार आगामी 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए पीएचसी केसठ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनय कुमार ने बताया कि उक्त अवसर पर जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन की हर विधियां बता लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकताओं आदि से जागरूकता लाने की अपील की है।

## खबरें फटाफट

### डुमरांव में देर रात चला विशेष वाहन चेकिंग अभियान



**डुमरांव।** गुरूवार की रात एसपी मनीष कुमार के नेतृत्व में जिलेभर की पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान डुमरांव थाना के पास एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के नेतृत्व में चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान में लगभग दो दर्जन वाहनों को पकड़ जुमार्ना वसूला गया। पुलिस ने इस अभियान के दौरान मुख्य रूप से वाहनों में शराब की पड़ताल, शराबियों की शिनाख्त के साथ ही उनके कागजातों की तलाशी ली। हालांकि इस दौरान किसी वाहन से शराब की खेप बरामद नहीं हुई। लेकिन पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। एसडीपीओ अफाक ने बताया कि एसपी के निर्देश पर पूरे जिले में यह अभियान चलाया गया था। वही रात में पुलिस के इस तेवर को देख वाहन चालक सहमे रहे।

## बिहार में एक साल पहले प्लास्टिक कैरी बैग को किया जा चुका है बैन

# आदेश के एक साल बाद भी हाथ से नहीं छूटा पॉलीथिन, खुलेआम हो रहा उपयोग

- प्रशासनिक सुस्ती के कारण दुकानदार और ग्राहक पॉलीथिन कैरी बैग का पहले की तरह ही कर रहे हैं उपयोग
- कई बार शहरों में पॉलीथिन के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाने के बाद भी लोगों की आदतों में नहीं हो रहा सुधार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सिंगल यूज पॉलीथिन पर पिछले साल एक जुलाई से पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया था। लेकिन एक साल के बाद भी डुमरांव शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाके में इसका बेरोक-टोक इस्तेमाल जारी है। शहरों में सब्जी की दुकान हो या किराना की दुकान अथवा फल दुकान, ठेला सहित हर जगहों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन धड़ल्ले से चलन में है। दुकानदार और ग्राहक इसका पहले की तरह ही उपयोग कर रहे हैं। इस पर रोक लगे भी तो कैसे जब पॉलीथिन का कारोबार करने वाले अभी भी इसे खुलेआम बिक्री कर रहे हैं। पहली जुलाई 2022 को जब सिंगल यूज पॉलीथिन पर प्रतिबंध लगा तो नगर परिषद प्रशासन ने आम लोगों को पॉलीथिन से बचाव और जुट के थैले के उपयोग करने के प्रति जागरूक किया था। जागरूकता अभियान कई दिनों तक चला। कई बार शहरों में पॉलीथिन के खिलाफ छापेमारी की गयी, जिसमें पॉलीथिन बरामदगी के साथ ही कई दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। बावजूद इसके प्रतिबंध बेअसर दिख रहा है।

लोगों का कहना है कि नप प्रशासन प्रतिबंध को लेकर पहले जैसा गंभीर नही रहा। प्रशासनिक अमला की ढील मिली तो बाजारों में पॉलीथिन दोबारा अपनी जगह बना ली। जानकारों का कहना है कि शहरी लोगों के जीवन मे पॉलीथिन एक ऐसी वस्तु बन गयी है जो हर खरीदारी पर इसका इस्तेमाल हो रहा है। बाजार से राशन, फल, जूस, कपड़े, मिठाई, सब्जी आदि की खरीदारी कर घर जाना पड़े तो सबसे पहले ग्राहक दुकानदारों से पॉलीथिन में देने की मांग करते है। इसका उपयोग कर शहरवासी इधर-उधर सड़को पर फेंक देते है, जिससे शहर की स्वच्छता पर दाग सहित पर्यावरण को नुकसान होता है। पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर डॉ सुभाष चंद्रशेखर कहते है कि जल-जीवन-हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पॉलीथिन का त्याग जरूरी है। इसका उपयोग बंद कर आने वाले पीढ़ियों को जीवनदान दे सकते हैं। धरती का गहना पेड़ो की हरियाली है लेकिन प्लास्टिक के कचरे से मिट्टी के दूषित होने से धीरे-धीरे हरियाली समाप्त हो रही है। पर्यावरण दूषित होने से मानव जीवन पर भी गहरा असर पड़ता है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ एसके सैनी कहते हैं कि पॉलीथिन के संपर्क में रहने से लोगों के खून में थेलेट्स की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे त्वचा रोग, सांस लेने में तकलीफ और कैंसर जैसी घातक बीमारियां उत्पन्न हो जाती है। कूड़े-कचरे पर फेंके गये पॉलीथिन को जलाया जाता है, उससे उठने वाले जहरीले धुएं में विषैले तत्व पाये जाते है, जो हरियाली और मानव जीवन के लिए घातक है। वही प्लास्टिक की थैलियों में फेंके गए खाद्य पदार्थों को निगल आवारा पशु भी गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

### पॉलीथिन के उपयोग करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

इस संबंध में नगर परिषद डुमरांव के प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह ने कहा कि पॉलीथिन के उपयोग से बचने के लिए लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया था। साथ ही कई बार मंडियों में छापेमारी कर पॉलीथिन की बरामदगी के साथ दुकानदारों से जुर्माना राशि वसूली गयी। पॉलीथिन के उपयोग करने पर नप प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगी।

# गश्ती के दौरान नैनीजोर में 36 कॉर्टन शराब लदी बोलेरो जब्त, चालक और तस्कर फरार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शुक्रवार को अहले नैनीजोर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी हैं। नैनीजोर के पोखरा ढाला के समीप गश्ती अभियान के दौरान पुलिस ने 36 कार्टन शराब से लदी एक बोलेरो वाहन को जब्त किया है। जिससे 8 पीएम ब्रांड 180 एमएल के 28 कार्टन तथा ब्लेंडर स्प्राइड ब्रांड के 750 एमएल के 8 कॉर्टन शराब मिले हैं। हालांकि वाहन चालक व शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहे। पुलिस को वाहन में शराब की पेटियों के साथ ही तस्करों का मोबाईल भी हाथ लग गया है। जिसके अधार पर उनकी पहचान सुनिश्चित होने का दावा पुलिस कर रही है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नैनीजोर थानाध्यक्ष मनोज पाठक सुबह करीब 3.30 बजे पोखरा ढाला के पास गश्ती अभियान चला रहे थे। इसी दौरान यूपी की तरफ से एक बोलेरो आती दिखाई दी। उन्होंने बोलेरो को रूकने का इशारा किया तो पुलिस वाहन के कुछ दूर पहले ही वाहन रोक चालक व तस्कर अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहे। हालांकि भागने के दौरान उनका मोबाईल वाहन में ही छूट गया। जिसके आधार पर पुलिस उनकी शिनाख्त कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

इस संबंध में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि शुक्रवार को अहले 3.30 बजे नैनीजोर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक बोलेरो में लदी शराब को पकड़ा है। तस्करों को चिन्हित कर लिया गया है। उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# बक्सर में समरसेबल से निकल रहा डीजल मिला हुआ पानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर के वार्ड पांच स्थित चरित्रवन स्थित एक घर में लगे समरसेबल से पिछले चार दिनों से डीजल मिश्रित पानी निकल रहा है। गृहस्वामी द्वारा इसकी शिकायत करने पर शुक्रवार को पीएचईडी विभाग के जेई अंजनी कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम उक्त घर जाकर समरसेबल, टंकी तथा नल से पानी के अलग अलग नमूने ले उसे जांच के लिए भेजा है।

स्थानीय वार्ड पार्षद सह भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने बताया कि उनके वार्ड के श्मसान घाट मोड़ के पास स्थित शिवशंकर राय के घर में लगे समरसेबल के पानी में 4 जुलाई की शाम करीब 4.30 बजे से डीजल जैसा दुर्गंध आ रहा है तथा फर्श पर पानी गिराने पर तैलीय पदार्थ साफ दिखाई पड़ रहा है। वहीं जेई अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि इसकी जांच के लिए लैब में नमूना भेजा गया है। इस टीम में उनके साथ नगर परिषद के सिटी मिशन मैनेजर मृत्युंजय कुमार सहित कई अन्य कर्मी मौजूद थे। समरसेबल से डीजल मिश्रित पानी निकलने की खबर जंगल की आग की तरह पूरे शहर में फैल गई है। जिस वक्त प्रशासन की टीम सैंपल इकट्ठा कर रही थी उस समय वहां दर्जनों लोग मौजूद थे। वैसे जिस घर से यह शिकायत मिली उसके थोड़ी दूर बाद एक पेट्रोल पंप है। प्रथम दृष्टया ऐसी आशंका जताई जा रही है कि कही पेट्रोल पंप का डीजल तो नहीं रिस रहा है।

## डुमरांव पहुंचे विश्वास राय नाम के युवक ने नेपाल के पशुपतिनाथ शिवमंदिर से शुरू की है यात्रा

# साइकिल से केदारनाथ की यात्रा पर निकले युवक का स्वागत

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नेपाल और भारत का संबंध शुरू से दोस्ताना रहा है, जिसके कारण आज भी लोग बिना पासपोर्ट के एक देश से दूसरे देश में आ और जा सकते हैं। दोनों देशों के रिश्ते न सिर्फ प्रगाढ़ हैं बल्कि दोनों देशों के युवाओं में जज्बा और जुनून कूट कूट कर भरा हुआ है। इसी जज्बे व जुनून की बदौलत नेपाल का एक युवक वहां के चर्चित पशुपतिनाथ शिवमंदिर से साइकिल चलाकर भारत के द्वादश ज्योर्तिलिंग में शामिल उत्तराखंड राज्य में स्थित केदारनाथ मंदिर की यात्रा शुरू किया है। वह शुक्रवार को डुमरांव में था। डुमरांव पहुंचने पर योग शिक्षक सह डुमरांव भाजपा के नगर मंत्री संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में उसका भव्य स्वागत किया गया तथा आगे की यात्रा की शुभकामनाएं दी गई। उनका स्वागत दिशा एक प्रयास के द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बैनर तले किया गया। साइकिलिंग करने वाले नेपाल के इस युवा के पास पैसा और ना ही भोजन की व्यवस्था है। शिव की कृपा से अपने साइकिल पर एक तरफ भारत और दूसरी तरफ नेपाल का झंडा बांधे हुए निकल पड़े है। केदारनाथ की यात्रा पर मन में विश्वास लिए नेपाल यात्री विश्वास राय ने बताया कि भारत और बिहार राज्य सहित बक्सर जिला के डुमरांव क्षेत्र के लोगों ने हमें बहुत प्यार और दुलार दिया। मैं अपने देश में सुना था कि बिहार में अच्छे लोग नहीं है पर हमें लोगों से मिलकर जानना था। यहां आने पर बहुत अच्छा लगा। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बैनर तले राय ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए आप लोगों का बहुत पहल सराहनीय है। मैं पूरे बक्सर जिला वासियों से आग्रह करता हूं कि वह बाल विवाह ना करें और इन लोगों का सहयोग करें। साथ ही कहा कि मैं अकेला नेपाल से साइकिल यात्रा से केदारनाथ जा रहा हूं, वहां जाकर भारत और नेपाल सहित सभी लोगों के लिए मैं केदारनाथ जी से प्रार्थना करूंगा कि सभी को सुख और समृद्धि प्रदान करें। उन्होंने कहा कि केदारनाथ की महता के बारे में सुना हूं। सभी सनातनी लोगों को एक बार केदारनाथ जरूर जाना चाहिए।



# पूर्व पीएम चंद्रशेखर ने कन्याकुमारी से नई दिल्ली तक पदयात्रा कर हिला दी थी सरकार

**तिलक कुमार/बलिया**


युवा तुर्क के नाम से मशहूर देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह की 8 जुलाई यानी कि कल 16 वीं पुण्यतिथि है। 8 जुलाई को साल 2007 में बोन कैंसर के कारण दिल्ली के अपोलो अस्पताल में उनका निधन हो गया था। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी में एक किसान परिवार में हुआ था, दिवंगत नेता चंद्रशेखर सिंह ने बलिया के राम करन इण्टर कॉलेज भीमपुरा से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद पूर्व का ऑक्सफोर्ड कही जाने वाली इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एमए किया और 1950-51 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में यह

❒ डॉ. राम मनोहर लोहिया के साथ राजनीतिक जीवन की थी शुरुआत

डिग्री प्राप्त की थी। छात्र जीवन से ही उनकी छवि एक फायर ब्रांड नेता के रूप में बन गई थी, छात्र राजनीति से वह सक्रिय राजनीति में प्रवेश किए फिर वह समाजवादी राजनीति में सक्रिय रूप से जुड़ गए।

चंद्रशेखर 24 साल की उम्र में राजनीति में सक्रिय हो गए थे। उनके राजनीतिक जीवन की शुरूआत डॉ. राम मनोहर लोहिया के साथ उस समय हुई जब वे छात्र थे, जब उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की तो वे समाजवादी आंदोलन में शामिल हो गए

**पुण्यतिथि विशेष**



और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी बलिया के जिला सचिव बन गए, जल्द ही वह उत्तर प्रदेश में पार्टी के महासचिव बने, उत्तर प्रदेश से एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में, वह 1962 में राज्यसभा के लिए चुने गए। वह 1965 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गए, और 1967 में कांग्रेस संसदीय दल के महासचिव बने, उत्तर प्रदेश से एक कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में, वह फिर से राज्यसभा के लिए दौड़े, 1968- 1969 में उन्होंने यंग इंडियन की शुरूआत और संपादन किया, वह इसके संपादकीय सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष थे, आपातकाल के दौरान यंग इंडियन को बंद कर दिया गया। फरवरी 1989 में इसका प्रकाशन फिर से शुरू हुआ, बलिया से लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद उन्होंने 2 मार्च 1977 को राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया, इसके बाद 1984 को छोड़कर उन्होंने 1977 से 2004 तक सभी लोकसभा चुनाव जीते, कांग्रेसी राजनेता होने के बावजूद इंदिरा गांधी ने उन्हें आंतरिक सुरक्षा रखरखाव अधिनियम के तहत जेल में डाल दिया, जेल अवधि के दौरान उनकी लिखी ह्यएक डायरी मेरी जेल डायरीह्व के नाम से प्रकाशित हुई, बाद में वे जनता पार्टी में शामिल हो गए, जिसने 1977 के भारतीय आम चुनाव के बाद मोरारजी देसाई के नेतृत्व में सरकार बनाई, उस दौरान चन्द्रशेखर जनता पार्टी के अध्यक्ष थे, 1980 और 1984 में जनता पार्टी ने भारतीय आम चुनावों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई, 1984 में वीपी सिंह के नेतृत्व में जनता पार्टी ने गठबंधन सरकार बनाई, आखिर में गठबंधन से रिश्ते खराब होने के बाद चंद्रशेखर ने जनता दल सोशलिस्ट गुट का गठन किया, 1983 में उन्होंने जनता से दुबारा जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने के लिए कन्याकुमारी से नई दिल्ली में राजघाट महात्मा गांधी की समाधि तक 4260 किमी की पैदल यात्रा की और नवंबर 1990 में उन्होंने कांग्रेस की मदद से वीपी सिंह को अपदस्थ कर दिया, विपक्ष के नेता राजीव गांधी और 64 अन्य सांसदों ने विश्वास प्रस्ताव में उनका समर्थन किया और वह प्रधानमंत्री बने, जिसके बाद वह 7 महीने ही सरकार चलाई, कांग्रेस की बात मानने से इंकार करने पर राजीव गांधी ने उनसे अपना समर्थन वापस ले लिया था और सरकार गिर गई थी।

**जब फफक-फफक कर रो पड़े थे चंद्रशेखर :** चंद्रशेखर के मन में अचानक बलिया जाने की इच्छा जगी थी। तब उनकी सेहत अच्छी नहीं थी। खराब सेहत में भी वह दिल्ली से बलिया चल दिए। उनके आने से पहले ही बलिया स्टेशन पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए थे। तिल रखने तक की जगह नहीं थी। कुछ घंटों के इंतजार के बाद स्टेशन पर उनकी ट्रेन पहुंची थी। वह स्वतंत्रता सेनानी ट्रेन से बलिया गए थे। ट्रेन के जिस डिब्बे में चंद्रशेखर बैठे थे, यह भीड़ उधर आने लगी। तबीयत नासाज होने के कारण वह धीरे-धीरे गेट की तरफ पहुंचे। सफेद कुर्ता पहने। हाथ छाती से थोड़ा नीचे। लोगों का प्यार देखकर वह भाव-विभोर हो गए थे। वह फफक-फफककर रोने लगे। यकीन नहीं हो रहा था कि आज भी लोग उन्हें कितना प्यार करते हैं। उन्हें देखकर लोग शांत हो गए थे। वे भी अपने पूर्व पीएम को वैसी दशा में देखकर बहुत दुखी थे।

## खबरें फटाफट

### छात्रा ने लगाई फांसी

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कैथवलिया गांव में पंखे से झूलती युवती का शव मिलने की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गईं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि आरती गुप्ता 20 पुत्री शेषनाथ गुप्ता निवासी अख्तियारपुर थाना नोनहरा। अपनी मां व भाई के साथ कैथवलिया स्थित कालोनी में शिव कुमारी गुप्ता के मकान में किराए पर रहकर अपनी पढ़ाई करती थी। शुक्रवार को मां व भाई के साथ दवा लेने गई थी। उसकी मां बेटे के साथ अपनी दूसरी बेटी के पास गाजीपुर घाट स्टेशन के समीप रुक गई थी। दोपहर बाद वापस आई तो आरती का शव पंखे से झूलता देख चीखने लगी। आवाज सुनकर लोगों की भीड़ जुट गईं। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई।

### प्रदेश सचिव बनाए जाने पर हर्ष

**बलिया।** बिल्थरारोड नगर के वार्ड नम्बर 11 निवासी मनीष कुमार पाण्डेय को प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष पंखुड़ी पाठक द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया का प्रदेश सचिव बनाये जाने पर शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। लोगो ने मनीष कुमार पाण्डेय को गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत मनीष पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा जो हमे जिम्मेदारी दी गयी है उसका बखूबी से निर्वहन करूंगा। और पार्टी को आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नही छोडूंगा। इस मौके पर जसुराम राजभर, मुलायम यादव, सहयोग राजभर, दीपक यादव, सुजीत मेहरा, प्रेमचंद व अन्य मौजूद रहे।

### डिप्टी सीएमओ के निधन पर शोक

**बिल्थरारोड।** जिले के डिप्टी सीएमओ और निजी अस्पताल / झोलाछाप डॉक्टर के नोडल अधिकारी सर्वेश कुमार गुप्ता के दिल का दौरा पड़ने से हुए असामयिक निधन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीयर पर अधीक्षक डॉ राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर डॉक्टर प्रदीप वर्मा, डॉ सतीश कुमार, चीफ फार्मासिस्ट इश्तेहाक अहमद, अनिल सिंह, महेंद्र तिवारी मौजूद रहे।

## मुख्तार और उसके करीबियों को लगातार रडार पर लिए हुए है सरकार

# मुख्तार अंसारी के शार्प शूटर अंगद के बाद गोरा की 1.31 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

यूपी में माफिया जमींदोज के तहत सरकार मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों को लगातार रडार पर लिए हुए है। अब मुख्तार अंसारी के करीबी उमेश राय उर्फ गोरा राय के खिलाफ जिला एवं पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई की है।

बता दें कि उमेश राय भांवरकोल थाना क्षेत्र के शेरपुर खुर्द गांव का निवासी है। फिलहाल हत्या के मामले में उच्च न्यायालय से बरी होकर बाहर है। इस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत जिलाधिकारी के आदेश पर चार जुलाई 2023 के अनुपालन में उमेश राय उर्फ गोरा पर कुर्की की कार्रवाई राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की है। मुहम्मदाबाद क्षेत्र के अहिरौली पंचायत के एनएच-31 से सटे गाटा संख्या 82 के .084 मीटर क्षेत्रफल के आवासीय भूखंड जिसकी अनुमानित लागत एक करोड़ 31 लाख है। पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मुनादी कर कुर्क कर लिया है। इस भूखंड को लेकर अब



■ उमेश राय उर्फ गोरा राय के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई

गोरा राय के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। जिला प्रशासन द्वारा कुर्क किए गए दुकान एवं मकान का वर्तमान में मार्केट रेट एक करोड़ 31 लाख 39 हजार आंकी गई है। रविवार को गोरा राय की प्रॉपर्टी कुर्क किए जाने के पहले प्रशासन ने भूखंड पर नोटिस लगा दिया। उसके बाद मुनादी की गई। एसपीआरए बलवंत की मौजूदगी में कुर्की की कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

इस मौके पर सीओ मुहम्मदाबाद हितेंद्र कृष्ण, तहसीलदार विजय पताप सिंह, भांवरकोल पभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय, मुहम्मदाबाद कोतवाल घनानंद त्रिपाठी , एसओ बरेसर धीरेंद्र प्रताप सिंह, एसओ करीमुदीनपुर देवेंद्र सिंह यादव सहित कई अन्य थानों की पुलिस फोर्स मौजूद रही।

## मुख्तार अंसारी की मऊ कोर्ट में आज होगी पेशी

**मऊ।** जिला कोर्ट में माफिया मुख्तार अंसारी की शुक्रवार यानी आज दो अलग-अलग मामलो में एमपी/एमएलए की विशेष अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी होगी। 28 जून को हुई पिछली सुनवाई के बाद अगली सुनवाई की तारीख 7 जुलाई तय की गई थी। बता दें कि पंजाब की जेल से लौटने के बाद से माफिया मुख्तार बांदा जेल में हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद है। एमपी/एमएलए की विशेष अदालत अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार चौरसिया ने मुख्तार अंसारी की गैंगस्टर के दो मामलों में पिछले 28 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी कराई थी। बता दें कि नगर के दक्षिणटोला थाना क्षेत्र में रामसिंह मौर्या व सिपाही सतीश कुमार दोहरे हत्याकांड के बाद लगे गैंग्स्टर मामले में पिछली तारीख पर विवेचक विजय शंकर यादव का बयान दर्ज किया गया था।

इसके बाद विवेचक से मुख?तार अंसारी के अधिवक्ता द्वारा जिरह की गई थी। शेष अभियुक्तों के लिए जिरह जारी करते हुए अगली तारीख 7 जुलाई नियत की गई थी। शुक्रवार को इस मामले में जिरह की कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। दूसरा मामला धोखाधड़ी से जुरा दक्षिण टोला थाना क्षेत्र का है। जिसमें विधायक रहते मुख्तार अंसारी ने अपने लेटर पैड पर असलहा लाइसेंस के लिए आधा दर्जन लोगों को संस्तुति की थी। जिस पर लाइसेंस जारी हुआ था। बाद में जांच में सभी के पते फर्जी पाए गए। इस मामले में मुख्तार अंसारी सहित सभी आरोपियों पर गैंग्स्टर लगाया गया था। इस मामले में भी शुक्रवार को माफिया मुख्तार अंसारी की पेशी की जाएगी। अब देखना यह होगा कि दोनों मामलों में सुनवाई के बाद कोर्ट द्वारा क्या फैसला लिया जाता है।

## इरफान अहमद को अध्यक्ष पद से हटाए जाने का कार्यकताओं ने किया विरोध

**बलिया।** समाजवादी पार्टी के बेल्थरारोड के विधानसभा अध्यक्ष इरफान अहमद को अध्यक्ष पद से हटाए जाने पर पार्टी के सेक्टर प्रभारी व कार्यकताओं ने शुक्रवार को जिलाध्यक्ष के इस निर्णय का जमकर विरोध किया। बेल्थरारोड विधानसभा सपा के पदाधिकारियों ने लोकसभा सलेमपुर से सपा के प्रभारी पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर विद्यार्थी के उभांव मार्ग स्थित आवास पर पहुंचकर जिलाध्यक्ष के इस निर्णय का विरोध किया।

साथ ही कार्यकताओं ने पार्टी के लोकसभा प्रभारी व पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर से पुनः विधानसभा अध्यक्ष बनाये जाने के लिए जिलाध्यक्ष से बातचीत करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सेक्टर प्रभारी व उभांव के पूर्व ग्रामप्रधान संजय यादव ने कहा कि इरफान अहमद के नेतृत्व में पार्टी हर बार बेल्थरारोड से चुनाव जीतती रही है। कोई कार्यकर्ता इनका विरोध नहीं करता है। ऐसे में इन्हें विधानसभा अध्यक्ष पद से क्यों हटा दिया गया। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें पुनः




विधानसभा अध्यक्ष नहीं बनाया गया तो विरोध जारी रहेगा। इस मौके पर को-ऑपरेटिव सीयर के डायरेक्टर रूद्रप्रताप यादव, मतलूब अख्तर, अंगद यादव, रामाश्रय यादव उर्फ फाइटर, निशानी, राजनाथ यादव, अनिल यादव, रबीन्द्र यादव पूर्व डाइरेक्टर कोऑपरेटिव, दानिश भाई आफताब अहमद, ओमप्रकाश यादव, पूर्व क्षेत्रीय महासचिव पतिराम यादव, जोनल अध्यक्ष अमलेश कन्नौजिया, जोनल अध्यक्ष संजय यादव, असेक्टर अध्यक्ष शशिकान्त यादव, मुन्ना यादव, अभय यादव, उमेश चौरसिया प्रधान, सचित यादव, पारस यादव, विनोद यादव, अनिल यादव पूर्व प्रधान, विजय यादव प्रधान आदि मौजूद रहे।

## गाजीपुर में बिजली गिरने से धान की बुआई कर रहे दो मजदूरों की मौत, एक झुलसा

**केटी न्यूज/गरजीपुर**

गरज, तड़प और चमक के साथ झमझम बारिश शुक्रवार को भी जनपद के कई हिस्सों में जारी रही। इस दौरान भांवरकोल थाना क्षेत्र के खरडिया गांव के बाहर सायंकाल खेत में धान की रोपाई कर रहे दो मजदूरों की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही गंभीर रूप से झुलसे मजदूर को उपचार के लिए मुहम्मदाबाद सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

इलाके के खरडिहा गांव निवासी प्रकाश राम (42), कन्हैया राम (55) और हीरा राम (46) अन्य मजदूरों के साथ गांव के ही पूर्व खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। शाम करीब 4.15 बजे मूसलाधार बारिश के साथ आसमान में तड़तड़ाहट की



आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर सभी मजदूर खेत से गांव की तरफ सुरक्षित स्थान पर जाने लगे। इस दौरान प्रकाश राम और कन्हैया राम खेत के पास स्थित एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। वहीं हीराराम अभी कुछ दूरी पर ही पहुंचा था इतने ही देर में तेज आवाज के साथ गिरी बिजली की चपेट में आने से प्रकाश राम और कन्हैया राम की झुलस कर मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हीराराम गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से हीराराम को उपचार के लिए सीएचसी मुहम्मदाबाद लाया गया। इधर घटना की जानकारी होते ही परिजनों के रोने- बिलखने से गांव में चीख पुकार मच गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष सत्येंद्र राय ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जबकि गंभीर रूप से झुलसे हीराराम को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## एक नजर

### गाजीपुर पुलिस ने तस्कर को दबोचा, 12 लाख की हेरोइन जब्त

**गाजीपुर।** सदर कोतवाली पुलिस व सर्विलांस टीम ने शुक्रवार को एक हेरोइन तस्कर को धर दबोचा और उसको गिरफ्तार कर कोतवाली ले आयी वही न्यायालय के समक्ष पेश कर विभिन्न धाराओं में जेल भेज दिया। दरसल सदर कोतवाल राजीव प्रताप सिंह सर्विलास सेल प्रभारी श्याम यादव व स्वाट टीम प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह अपने हमराहियों के साथ मुख्यालय स्थित साव जी पोखरे के समीप चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस बीच एक व्यक्ति साव जी के पोखरे पर खड़ा व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने तत्काल घेरे बंदी कर हेरोइन तस्कर को धर दबोचा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हलीम अहमद वार्ड नंबर नौ मोहनिया जनपद भभुआ बिहार बताया पुलिस ने तस्कर का तलाशी ली गई तो उसके पास से 28 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 12 लाख 50 हजार बतायी जा रही है। पूछताछ में बताया कि बिहार से हिरोइन खरीद कर लाता हूं। जिसे फुटकर के रूप में चंदौली के विभिन्न क्षेत्रों में बेच देता हूं। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आयी और न्यायालय के समक्ष पेश कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।



### एनसीसी कैडेटों ने किया पौधरोपण

**बलिया।** मनियर इंटर कॉलेज के प्रांगण में शुक्रवार के दिन पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए 93 यूपी बटालियन के एनसीसी कैडेटों ने पौधारोपण किया। इस संदर्भ में मनियर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा हर सरकारी कार्यालयों के प्रांगण में पौधारोपण करने के लिए निर्देशित किया गया है। ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। आज के माहौल में जलवायु दूषित हो रहा है जिसके परिणाम स्वरूप कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा ज्यादा बढ़ रही है। हेमकुंड पिघल रहे हैं। पर्यावरण दूषित होने के कारण बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि अनावृष्टि सुनामी जैसी विभिष्का देखने को मिल रहा है। हम अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण के संतुलन को बनाए रख सकते हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज 50 पौधे लगाए गए हैं। विद्यालय द्वारा 200 पौधों के रोपण करने का लक्ष्य है। मौके पर प्रधानाचार्य हरेंद्र कुमार सिंह, एनसीसी ऑफिसर मेजर हरेंद्र कुमार सिंह, एनसीसी जूनियर डिविजन संजीव कुमार शुक्ला, प्रवक्ता नागेंद्र कुमार कनौजिया, वरिष्ठ अध्यापक वशिष्ठ मुनि उपाध्याय, सहायक अध्यापक चंद्र प्रकाश राय, मनोज कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



### 15 सालों से फरार 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**बलिया।** नगरा पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने 25 हजारी इनामिया अभियुक्त को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को थानाध्यक्ष नगरा अतुल कुमार मिश्रा एवं स्वाट प्रभारी अजय यादव की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर फायर ब्रिगेड सेन्टर ने छुवाडीह के पास से छोटे उर्फ छोटक कहार को पकड़ा है। आरोपी 15 सालों से फरार चल रहा था। साल 2008 में कोतवाली बलिया क्षेत्र में हुए चर्चित सोहन सिंह हत्याकांड में वांछित छोटे उर्फ छोटक कहार का नाम 2012 में सहतवार थाना क्षेत्र में पंजीकृत हत्या के एक मुकदमे में भी नामजद है। इसके विरुद्ध वर्ष 2009 में गैंग्स्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस इसकी तलाश में काफी समय से थी। इस पर एसपी ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। आरोपी के पास से एक तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस .315 बोर तथा एक फर्जी आधार कार्ड प्रकाश के नाम का बरामद हुआ। इसी आधार कार्ड पर यह आन्ध्र प्रदेश में रह रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ नगरा पुलिस ने गैंग्स्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी स्वाट उप निरीक्षक अजय यादव, एचसी कृष्णकुमार सिंह, लवकेश पाठक, विक्रान्त कुमार, रोहित कुमार, राकेश यादव, कां. विकास सिंह आदि लोग शामिल रहे।




### डीएम ने अनुपस्थित मंडी सचिव से मांगा स्पष्टीकरण

**बलिया।** डीएम रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली की प्रगति में तेजी लाई जाए। राजस्व विभाग के अलावा आबकारी, परिवहन, व्यापार, नगर निकाय, श्रम आदि विभागों में राजस्व वसूली की प्रगति के बारे में जानकारी ली। तहसीलवार राजस्व संग्रह की भी समीक्षा की। बैठक में मंडी सचिव के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जो बैनामा हो रहे हैं उसमें स्टांप आदि नियमानुसार लग रहे हैं या नहीं, इसकी जांच के निर्देश सभी रजिस्ट्रार को दिए। परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिया कि खटारा वाहनों की जांच के लिए एक अभियान चलाया जाए। इसमें एसडीएम सीओ का भी सहयोग लिया जाए। बिजली विभाग के चारों अधिशासी अभियंताओं से विभाग से जुड़ी वसूली के बारे में जानकारी ली। वसूली की प्रगति बेहद खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दिया कि वसूली से जुड़े कर्मचारियों से सख्ती बरत वसूली की प्रगति बढ़ाई जाए। जर्जर तार बदले जाने के संबंध में दिए गए निदेर्शों को गंभीरता से लेने को कहा। डीएम ने कहा कि पॉलिथीन के प्रयोग पर सख्ती बरती जाए। दुकानदारों की आवश्यक छापेमारी कर पॉलिथीन जप्त करने और उन पर भी कार्रवाई करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।



## उफान पर सरयू: कटान के मद्देनजर प्लांट में पड़े सामानों को सुरक्षित स्थानों पर हटाने का कार्य शुरू

# कर्मचारियों के आवास पर मंडराने लगा बाढ़ का खतरा

**केटी न्यूज/बलिया**

सिकन्दरपुर में सरयू नदी का पानी लगातार बढ़ाव पर है। इसी के साथ जगह जगह नदी के कटान का दायरा भी बढ़ता जा रहा है जिससे विभिन्न दियारों की किसानों में दहशत व्याप्त है। कटान का सर्वाधिक जोर खरीद घाट के समीप है जो लगातार खतरनाक रूप अख्तियार करता जा रहा है। कटान से नदी किनारे स्थापित प्लांट व कर्मचारियों के आवास के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है।

जलस्तर में वृद्धि और पानी के तेज बहाव के कारण खरीद-दरौली



घाटों के मध्य निमार्णाधीन पक्का पुल के खरीद घाट के आसपास तेज कटान जारी रहने से भग्गल कम्पनी व सेतु निगम द्वारा निर्मित प्लांट के साथ ही कर्मचारियों के आवास के अस्तित्व पर खतरा बढ़ता जा रहा है। कटान जिस तरह से हो रहा है,यदि वह जारी रहा तो उससे आशंका है कि नदी कभी भी प्लांट और कर्मियों के आवास को काट कर अपने में मिला सकती है।



इस के मद्देनजर विभाग द्वारा प्लांट में पड़े सामानों को सुरक्षित स्थानों पर हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

यह प्लांट निर्माण कार्य की सुगमता हेतु खरीद घाट की तरफ नदी में निर्माणाधीन पायों से कुछ दूरी पर स्थापित है जिससे कि आवश्यकतानुसार जरूरी सामान कम समय में आसानी से निर्माण स्थल तक पहुंच सकें।यही नहीं प्लांट के आसपास ही निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों के क्वार्टर भी स्थित हैं। उधर पुल के पायों के निर्बाध निर्माण हेतु नदी में बनाये गए पायल ब्रिज को समय से नहीं खोले जाने से उस में लगे लाखों रुपये मूल्य के करीब डेढ़ दर्जन गार्डर व अन्य सामान बाढ़ के पानी में डूब गए हैं।वैसे नियमानुसार बाढ़ आने के पूर्व निर्माण कार्य रोक कर पायल ब्रिज के निर्माण में लगे सामानों को नदी से निकाल लेना चाहिए किन्तु वहां मौजूद कर्मचारियों ने इस काम में शिथिलता बरती।जिसका फल हुआ कि सामान नदी में ही रह गए।